तापमान
अधिकतम 26.5 डिग्री
न्यूनतम 23.3 डिग्री

हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, शुक्रवार 25 जुलाई 2025

13 केशामुंडी स्कूल में ताले की गूंज बच्चों के भविष्य...



14 महापौर और आयुक्त ने मौके पर पहुंचकर...





## विश्वप्रसिद्ध बस्तर दशहरा, पहली रस्म 'पाटजात्रा' के साथ हुआ आगाज

- 75 दिवसीय बस्तर दशहरा पर्व हरियाली अमावस्या से प्रारम्भ होकर मावली माता की विदाई तक चलेगा
- देशी शराब के तर्पण व बलि देकर रथ निर्माताओं ने की पूजा अर्चना



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

विश्वप्रसिद्ध बस्तर दशहरा की शुरूआत गुरूवार को हरियाली अमावस्या पर पाटजात्रा पूजा के साथ शुरू किया गया। बस्तर की आराध्य देवी मां दंतेश्वरी को समर्पित इस ऐतिहासिक बस्तर दशहरा पर्व के पहले पाटजात्रा पूजा विधान रस्म की अदायगी रथ निर्माण करने वाले कारीगरों द्वारा रियासतकालीन परम्परानुसार किया गया। इस दौरान रथ निर्माण के लिए बनाए जाने वाले औजार ठुरलू खोटला तथा अन्य औजारों का परम्परागत तरीके से पूजा-अर्चना कर रस्म अदायगी की गई। पूजा अर्चना के रथ निर्माताओं के मुखिया दलपति व अन्य कारीगरों ने बकरे की बलि ▶▶| शेष पेज 12 पर





### खबर संक्षेप



### 265 ग्रामीणों को मिला स्वास्थ्य शिविर में लाभ

**बीजापुर।** शिखर युवा मंच, बिलासपुर एवं एसबीआई फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में संचालित एसबीआई संजीवनी, क्लिनिक ऑन व्हील्स परियोजना के अंतर्गत ग्राम पदेड़ा बाजार ब्लॉक व जिला बीजापुर में एक दिवसीय विशेषज्ञ स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर का शुभारंभ एसबीआई, मुख्य शाखा बीजापुर के प्रबंधक अभय प्रताप सिंह ने भारत माता की पूजा एवं नारियल फोड़कर किया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों और बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति रही। स्वास्थ्य शिविर में कुल 265 ग्रामीणों की जांच की गई। हड्डी रोग, सामान्य बीमारिया सर्दी, खांसी, बुखार, मलेरिया और एनीमिया जैसे मामलों की पहचान हुई। 12 मलेरिया पॉजिटिव और 3 एनीमिक मरीजों को जिला अस्पताल रेफर किया गया। हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. चंद्रशेखर जयसवाल ने संबंधित मरीजों को परामर्श और उपचार प्रदान किया।

### डायरिया रोकथाम पर चेरपल्ली में चलाया जागरुकता अभियान



**बीजापुर।** भोपालपटनम अंतर्गत ग्राम पंचायत चेरपल्ली में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा डायरिया रोकथाम को लेकर विशेष जनजागरुकता अभियान चलाया गया। कार्यपालन अभियंता एस.आर. नेताम के निर्देश पर आयोजित इस कार्यक्रम में जिला जल परीक्षण प्रयोगशाला की केमिस्ट सुश्री सपना मण्डल एवं जिला परियोजना समन्वयक सुनील चिड़यिम ने स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ ग्रामीणों को जल जनित रोगों से बचाव के उपाय बताए। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन, विद्यार्थी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। टीम द्वारा बताया गया कि डायरिया जैसी बीमारियों से बचाव के लिए शुद्ध एवं सुरक्षित पेयजल का उपयोग अत्यंत आवश्यक है। इस दौरान मौके पर ही विभिन्न जल स्रोतों से जल के नमूने एकत्र कर उनकी गुणवत्ता की जांच की गई और ग्रामीणों को जल परीक्षण की प्रक्रिया भी समझाई गई।

### पूर्व मंत्री कवासी के पुतला दहन मामले में भाजपा कार्यकर्ता बरी



**जगदलपुर।** कांग्रेस की सरकार के दौरान तत्कालीन मंत्री कवासी लखमा का पुतला दहन करने के मामले में पुलिस द्वारा आरोपी बनाये गये सात भाजपा कार्यकतार्ओं को आज जिला न्यायालय ने बरी कर दिया। न्यायालय से राहत पाने वाले भाजपा कार्यकतार्ओं में रजनीश पाणिग्रही, नरसिंह राव, संग्राम सिंह राणा, प्रकाश झा, प्रकाश रावल, विनोद पाण्डेय, सुरेश कश्यप शामिल हैं। कांग्रेस शासन के दौरान 2019 में राजनीतिक विरोध प्रदर्शन में पुतला दहन करने पर पुलिस ने विविध धाराओं में उनके खिलाफ मामला दर्ज किया था। जिला न्यायालय से आरोप मुक्त होने के निर्णय के बाद कार्यकतार्ओं को जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डेय ने बधाई देते कांग्रेस की दमनकारी काली नीति पर न्याय की जीत बताया।

### दौरा : साईं कॉलोनी और बालाजी मंदिर परिसर का भी किया निरीक्षण

## थोड़ी सी बारिश में गायत्री नगर हो जाता है जलमग्न, समाधान के लिए पहुंचे महापौर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

महापौर संजय पांडे ने आज दलपत सागर वार्ड अंतर्गत गायत्री नगर क्षेत्र का दौरा किया। जहां उन्होंने निमार्णाधीन नाली का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्थानीय निवासियों द्वारा दी गई समस्याओं को संज्ञान में लेते हुए महापौर ने उक्त अस्थायी नाली की जगह पक्की नाली निर्माण कराने का निर्णय लिया। साथ ही मुख्य सड़क किनारे बनी पुरानी नाली को तोड़कर नई और व्यवस्थित ढंग से पक्की नाली निर्माण करने अधिकारियों को कहा। पानी की निकासी ठीक ढंग से हो उसमें आने वाले सभी अवरोध को हटाने और तोड़ने का निर्णय लिया गया।

महापौर समेत आयुक्त प्रवीण कुमार वर्मा, एमआईसी सदस्य निर्मल पाणिग्रही, लक्ष्मण झा, वार्ड पार्षद नरसिंह राव और तकनीकी अमला पहुंचा था। मालूम हो कि गायत्री नगर में जलभराव की समस्या लंबे समय से बनी हुई है। संजय पाण्डे ने बताया यहां जलभराव एक विकराल समस्या है। पानी के निकासी के लिए पक्की नाली बनाने का निर्णय लिया गया है। जनसहयोग एवं सुझाव से ही पानी निकासी की व्यवस्था ठीक की जा सकती है। हर साल बरसात के मौसम में यहां दिक्कत होती है। इसके पहले भी कई दफा इस जगह का निरीक्षण किया जा चुका है। आज यहां आसपास के लोगों से बातचीत किया गया है। उनके सहयोग से ही यहां काम किया जाएगा। तत्कालीन प्रयास यह किया जा रहा है कि यहां के लोगों के घरों में पानी ना भरे। अंडरग्राउंड पाइप लाइन डालकर भी एक चैनल नाली बनाने का निर्णय लिया गया है। एसटीपी के पास एक समानांतर नाली बनाने पर भी विचार किया जा सकता है। इसके पश्चात महापौर साईं नगर अटल आवास पहुंचे। यहां पहले से ही कच्ची नाली खोदकर पानी निकासी की व्यवस्था की गई है ताकि बारिश के पानी से होने वाली परेशानी से यहां के लोगों को राहत मिल सके। महापौर ने बताया कि साईं नगर क्षेत्र में नाली निर्माण के स्थायी समाधान हेतु प्रस्ताव तैयार कर उसे शीघ्र शासन स्तर पर भेजा जाएगा और स्वीकृति प्राप्त कर कार्य प्रारंभ किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान इंजीनियर अमर सिंह, सब इंजीनियर अमन सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहे।



### अवैध निर्माण पर नोटिस

नगर निगम की ओर से लोगों को आश्वस्त किया गया कि जलभराव की समस्या के स्थायी समाधान के लिए तत्परता से कार्य किया जा रहा है और किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जाएगी। महापौर ने वहां पर हो रहे अवैध निर्माण पर भी नोटिस जारी करने कार्यपालन अभियंता गोपाल भारद्वाज को कहा है ।

## पीएमश्री नवोदय विद्यालय में बच्चों की पिटाई की होगी जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर





शहर के पीएमश्री नवोदय विद्यालय के वार्डन द्वारा विद्यार्थियों के साथ किए गए बेहरमी से मारपीट का मामला तूल पकड़ लिया है। जिन विद्यार्थियों के मारपीट हुई है,उनके पालकों ने दोषी वार्डन के खिलाफ कड़ी कारवाई करने की मांग की है। इधर जिला शिक्षाधिकारी बीआर बघेल ने पूरे घटना की जांच के लिए जांच कमेटी का गठन कर जांच के निर्देश दिए है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 7 छात्र के साथ वार्डन ने पिटाई की थी। डीईओ बीआर बघेल ने कहा कि अगर जांच में शिक्षक दोषी पाए जाते है तो उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### छात्रावास में गुणवत्ताहीन भोजन व शौचालय में गंदगी से छात्र परेशान



**जगदलपुर।** अभाविप के बकावंड नगर मंत्री गजेंद बिसाई ने बताया कि बकावंड पोस्ट मैट्रिक छात्रावास में एक साल से चल रही अव्यवस्था को लेकर छात्रों में आक्रोश है। खराब भोजन और शौचालय में गंदगी है। स्नान और पीने के लिए भी छात्र बाहर से पानी लाने को मजबूर हैं। अभाविप बस्तर विभाग संयोजक शैलेष ध्रुव ने कहा कि जब कोई छात्र इन गड़बड़ियों का विरोध करता है, तो अधीक्षक उन्हें छात्रावास से निकाल देते हैं। पिछले एक साल में तीन छात्रों को इस तरह बाहर कर दिया गया है। यह छात्रों की आवाज को दबाने का सीधा प्रयास है। स्टडी टेबल, बेडशीट और लाइट-पंखे भी गायब हैं। छात्रों को न तो स्टडी टेबल की सुविधा मिल रही है और न ही बिस्तरों पर बेडशीट उपलब्ध करवाई गई है। छात्रावास के कई पंखें और लाइटें महीनों से खराब पड़े हैं,लेकिन मरम्मत की कोई पहल नहीं हुई। इस दौरान नोएल सिंह, करण, शैलेष, धनंजय, प्रवीण, ऋषभ, गौतम, दिनेश, हितेश, जीत समेत अभाविप के अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## निर्माण कार्य में कमी पर होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- एनएच के एसडीओ ने निर्माण कार्य का किया निरीक्षण

बस्तर संभाग के सुकमा रोड में केशलूर रेलवे क्रॉसिंग में आए दिन होने वाले दुर्घटनाओं को रोकने के लिए लोक निर्माण विभाग राष्ट्रीय राजमार्ग की ओर से आरओबी का निर्माण कार्य किया जा रहा है। हाल ही में एनएच के एसडीओ ने निर्माण कार्य का निरीक्षण किया, जिसमें कमी देख कर ठेकेदार को पूरा करने को कहा गया, अन्यथा नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। बताया जा रहा है कि केशलूर के पास रेलवे क्रॉसिंग और इसके आसपास आए दिन छोटी-बड़ी सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग की ओर से केशलूर के रेलवे क्रॉसिंग में 5 हैक्टेयर क्षेत्र में 100 करोड़ रुपए की लागत से 1900 मीटर लंबा आरओबी और सड़क का निर्माण किया जा रहा है, वर्ष 2026 में पूर्ण होगा। आरओबी बनने से सुकमा, कोंटा जाने वाले वाहनों को राहत मिलेगी।



**समय सीमा में पूरा करें**
लोक निर्माण विभाग राष्ट्रीय राजमार्ग जगदलपुर संभाग के एसडीओ अशोक कुमार कुंजाम ने ठेकेदार को निर्देश दिया कि निर्माण कार्य समय सीमा में पूरा करें।

## 12 वीं की छात्रा प्रेग्नेंट मामले में प्रदेश कांग्रेस ने बनाई जांच टीम

- विधायक सावित्री मंडावी के नेतृत्व में टीम भोपालपटनम हॉस्टल का करेगी दौरा

**जगदलपुर।** प्रदेश कांग्रेस ने बीजापुर जिले के भोपालपटनम विकासखंड स्थित कन्या छात्रावास में अध्ययनरत नाबालिक छात्रा के गर्भवती होने के मामले में जांच टीम गठित की है। प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने सावित्री मंडावी विधायक भानुप्रतापपुर के नेतृत्व में 9 सदस्यीय जांच दल का गठन किया है। सदस्य में देवती कर्मा पूर्व विधायक, नीना रावतिया उद्दे महामंत्री प्रदेश कांग्रेस कमेटी, सरिता चापा पूर्व सदस्य जिला पंचायत,गीता कमल अध्यक्ष जिला महिला कांग्रेस, निर्मला मरपल्ली पूर्व जनपद अध्यक्ष, रिंकी कोरम अध्यक्ष नगर पंचायत, पार्वती कश्यप पूर्व सदस्य जिला पंचायत तथा अनिता तेलम पूर्व अध्यक्ष जनपद पंचायत शामिल है। बताया गया कि जांच दल 26 जुलाई को भोपालपट्नम पहुंचकर आश्रम और छात्रा एवं उनके परिजनों से चर्चा करेगी। जांच रिपोर्ट प्रदेश अध्यक्ष को दी जाएगी। यह जानकारी जिला कांग्रेस कमेटी बीजापुर के मीडिया प्रभारी राजेश जैन ने दी है।

## बस्तर के ग्रामीण क्षेत्र में मनाया गया हरेली पर्व



**जगदलपुर।** छतीसगढ़ का हरेली त्यौहार गुरूवार को अंचल के ग्रामीण क्षेत्र में धूमधाम से मनाया गया। पर्यावरण को समर्पित यह त्यौहार ग्रामीणों का प्रकृति के प्रति प्रेम और सर्मपण को दर्शाता है। सावन महीने की अमावस्या को मनाया जाने वाला यह त्यौहार हरियाली का पर्व है जिसे हरेली कहा जाता है। किसानों ने आज अपने औजारों की पूजा की । काम पर न जाकर घर में ही खेत में उपयोग में आने वाले औजार नांगर, गैती, कुदाली, रापा आदि की साफ सफाई कर पूजा अर्चना की। लोगों ने एक दूसरे को फसल अच्छी हो। इससे घर में समृद्धि और खुशहाली आए इसकी शुभकामनाएं दी।

### बस्तर अधिकार मुक्ति मोर्चा के प्रमुख संयोजक ने देखे खदान के कार्य

## कार्यों और जनहित के मसलों पर विचार हुआ : चांद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर अधिकार मुक्ति मोर्चा के प्रमुख संयोजक एवं जनता कांग्रेस के संभागीय अध्यक्ष नवनीत चांद दंतेवाड़ा जिला के बचेली और किरंदुल का दौरा किया । उन्होंने पार्टी के पदाधिकारियों की बचेली गेस्ट हाउस में बैठक ली।

जिसमें संगठन विस्तार, आगामी कार्य योजना सहित पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी के बस्तर प्रवास के कार्यक्रमों पर चर्चा हुई । इसी के साथ एनएमडीसी किरंदुल ,बचेली, आर्सेलर मित्तल द्वारा संचालित लोह खदान ,स्लरी पाइपलाइन प्रोजेक्ट की स्वीकृति की शर्तों,डीएमफ,सीएसआर मद से जनकल्याणकारी योजनाओं, क्षेत्र के विकास, स्थानीय रोजगार के अवसरो पर प्रोजेक्ट प्रबंधक एवं जिला प्रशासन -शासन की भागीदारी एवं जिम्मेदारी की समीक्षा की गई। वही गत वर्ष किरंदुल में भूस्खलन के चलते आई बाढ़ से हुई हानि पर चर्चा हुई । खदान 11सी में निर्माण कार्यों को देखा गया वही बचेली प्रोजेक्ट प्रबंधन और आर्सेलर मित्तल -निपोन प्रबंधन से मुलाकात कर क्षेत्र विकास, सुरक्षा एवं किए गए कार्य, पर्यावरण संतुलन के लिए उठाये गए कदम की समीक्षा की गई । आम जनता तक कार्यों को पहुंचाने की मांग की गई । नवनीत चांद ने कहा कि जिम्मेदार प्रशासक और जनप्रतिनिधियों द्वारा जनता के प्रति कर्तव्य पारदर्शिता के साथ नहीं निभाते हैं तो सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन करने मजबूर होंगे ।





### ये रहे उपस्थित

इस दौरान रामनाथ नेगी ,रैमोन मड़कामी लखमा कोर्राम,कुरोसो राम ,जयपाल यादव भुपेंद्र यादव, कनहैया यादव हिड़मा पोड़ियाम, शिशुपाल पोयाम, संतोष कुजांम उपस्थिति थे।

## बाल कल्याण समिति ने बाल संस्थाओं का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने कर्मचारियों को दिए निर्देश



किशोर न्याय बालकों की देखरेख और संरक्षण अधिनियम 2015 के अंतर्गत बस्तर जिले के पंजीकृत बाल देखरेख संस्थाओं शासकीय बाल गृह बालक, बालिका गृह, खुला आश्रय गृह बालक बस्तर सामाजिक जन विकास समिति, एवं सेवा भारती (मातृ छाया) विशेष दत्तक ग्रहण एजेंसी जगदलपुर का बाल कल्याण समिति ने औचक निरीक्षण किया। अध्यक्ष नरेन्द्र पाणिग्राही ने बताया कि सभी संस्थाएं किशोर न्याय अधिनियम के नियमानुसार संचालित की जाती है,देखरेख और संरक्षण की आवश्यकता रखने वाले बालकों के लिए आवासीय सुविधाओं के सम्बंध में प्रत्येक माह में कम से कम दो बार निरीक्षण किया जाता है और कमियों को पूर्ण किया जाता है। निरीक्षण के दौरान समिति ने संस्थाओं का कार्य संतोषप्रद पाया। संस्था के अधीक्षकों को निर्देशित किया गया कि संस्थाओं में खामियां न रहे। निरीक्षण के दौरान सदस्य संतोष जोशी,रामकृष्ण ठाकुर, वर्षा श्रीवास्तव उपस्थित थे।

# बकायादार 8 वाहनों से जांच के दौरान वसूला 8.22 लाख टैक्स

## वाहन टैक्स न भरने वालों पर आरटीओ ने कसा शिकंजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

जिले के परिवहन विभाग के आरटीओ की टीम ने वाहनों पर टैक्स बकाया वसूली के लक्ष्य को पूरा करने में जुटे हुए हैं। इसकी वसूली के लिए आरटीओ ने बकायादार वाहन मालिकों को नोटिस देकर बकाया का भुगतान करने को कहा गया। भुगतान नहीं देने पर दूसरी नोटिस दी जाएगी, उसके बाद तीसरी बार नोटिस के साथ वाहन की कुर्की की जाएगी। इस दौरान आरटीओ की टीम ने टैक्स बकायादार 8 वाहनों से लगभग 8.22 लाख रुपये का टैक्स वसूला है। नोटिस के बाद टैक्स बकाया वाले वाहन नहीं मिलने पर मालिक की दूसरी वाहन या संपत्ति की कुर्की की जाएगी। इसके अलावा बकाएदारों के नाम, पता, वाहन नंबर, बकाया अवधि एवं टैक्स की राशि जानकारी सार्वजनिक की जाएगी। साथ ही इसमें लोगों को हिदायत दी जाएगी कि सूची में दर्ज टैक्स डिफाल्टरों से किसी भी प्रकार का लेनदेन न करें। इसके अलावा, यदि सूची में लिखे नंबरों वाले वाहन जिले में चलते दिखे तो फौरन आरटीओ कार्यालय में सूचित करें ताकि जब्त करने की कार्रवाई कर सके। हाई सिक्यूरिटी रजिस्ट्रेशन नंबर प्लेट लगाने के लिए परिवहन विभाग की ओर से संभागीय मुख्यालय जगदलपुर में काउंटर लगाया गया है और अब ब्लॉक मुख्यालयों में समय-समय पर भी इसके लिए एचएसआरपी का शिविर लगाए जा रहे हैं। हॉलांकि बस्तर जिले में डेढ़ लाख वाहनों पर एचएसआरपी लगेंगे, इसमें से जांच में अब तक लगभग 10 हजार वाहनों में यह प्लेट लगाया गया है।

अलग खबर



### टीबी मरीजों की फूड बास्केट के लिए दी राशि

संयुक्त कलेक्टर एवं क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी डीसी बंजारे ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि कलेक्टर की अपील पर टीबी मरीजों के लिए फुड बास्केट पर आरटीओ कार्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने सहित 60 हजार रूपए की भुगतान भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा बस्तर के माध्यम से किया गया।

## खबर संक्षेप

### आत्मानंद स्कूल में पुलिस ने चलित थाना लगा बच्चों को किया जागरूक

**कोंडागांव।** फरसगांव थाना पुलिस ने बुधवार को स्वामी आत्मानंद हिंन्दी माध्यम स्कूल में चलित थाना का आयोजन किया। चलित थाना के माध्यम से स्कूल में उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं, शिक्षकों को भारत सरकार द्वारा लागू किये गये तीन नये अपराधिक कानून के संबंध में सायबर अपराध, सायबर अपराध से खुद को बचाने का तरीकों के बारे में तथा महिला एवं बच्चों से संबंधित अपराधों व यातायात नियमों का पालन करने एवं नशामुक्ति के तहत नशीली दवाओं के खतरे के बार में विस्तारपूर्वक जानकारी देकर जागरूक किया गया।

### अतिथि शिक्षकों के 40 पदों का वॉक इन इंटरव्यू निरस्त

**कोण्डागांव।** शिक्षण सत्र 2025–26 के लिए जिले में संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में अतिथि शिक्षकों के 40 पदों पर आयोजित वॉक–इन–इंटरव्यू को रद्द कर दिया गया है। आदिवासी विकास सहायक आयुक्त, कोण्डागांव से प्राप्त जानकारी के अनुसार इन पदों के लिए जिला स्तरीय समिति द्वारा साक्षात्कार का आयोजन किया गया था। इसकी वरीयता सूची भी संस्था प्रमुखों द्वारा 15 जुलाई को जारी की गई थी। हालांकि, वरीयता सूची तैयार करते समय अनुभव के अंक दिए जाने में संस्था प्रमुखों द्वारा विसंगतियां पाई गईं। अभ्यर्थियों के हितों को ध्यान में रखते हुए, इस साक्षात्कार वॉक–इन–इंटरव्यू को निरस्त करने का निर्णय लिया गया है।

### हरेली त्योहार को धूमधाम से मनाया किसानों ने की कृषि उपकरणों की पूजा



**कोण्डागांव।** किसानों का पहला पारंपरिक त्योहार हरेली के गाँवों में बड़े धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर ग्रामीणों ने अपने कृषि उपकरणों की साफ–सफाई कर उनकी पूजा–अर्चना की। हरेली के दिन बैलों को सजाकर उनकी विशेष पूजा की गई। इसके साथ ही, गाँवों में पारंपरिक खेलों का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों और बुजुगोंर् ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। गेड़ी चढ़ना इस त्योहार का एक प्रमुख आकर्षण रहा, जिसमें सभी ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया। गांव की महिलाओं ने पारंपरिक हरेली गीत गाए और विशेष व्यंजन तैयार किए, जिससे पूरे वातावरण में उत्सव का माहौल बन गया।

### 900 पदों पर भर्ती के लिए प्लेसमेंट कैंप 28 को

**धमतरी।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र द्वारा कुल 900 पदों पर भर्ती के लिए 28 जुलाई को प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। जनपद पंचायत नगरी में सुबह 11 से दोपहर तीन बजे तक आयोजित इस प्लेसमेंट कैम्प में निजी क्षेत्र के नियोजकों द्वारा सिक्युरिटी गार्ड, सिक्युरिटी सुपरवाईजर, लेबर, बीमा सखी, ग्रामीण कैरियर एजेंट, शहरी कैरियर एजेंट, सामान्य एजेंट आदि की भर्ती के लिए साक्षात्कार लिया जाएगा।

## आयोजन: छात्राओं को सरस्वती साइकिल योजना में दी गई साइकिलें

# नवप्रवेशी सभी बच्चे भाग्यशाली, सम्मान समारोह में होता है स्वागत : नीलकंठ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| केशकाल

छत्तीसगढ़ में नवप्रवेशी बच्चों का स्वागत समारोह एक भव्य आयोजन के रूप में मनाया गया। विधायक नीलकंठ टेकाम ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। उन्होंने बच्चों को भाग्यशाली बताते हुए कहा कि सरकार वर्ष 2000 में राज्य गठन के बाद से ही ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन कर रही है।

- प्रतिभाओं का सम्मान, रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति

विधायक नीलकंठ टेकाम ने पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह की सरस्वती साइकिल योजना की सराहना की, जिससे अब तक लाखों छात्राओं को लाभ मिल चुका है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इतनी सुविधाओं के बावजूद यदि बच्चे अच्छी पढ़ाई नहीं कर पाते हैं तो यह उनकी स्वयं की गलती होगी। उन्होंने अपने डिप्टी कलेक्टर के कार्यकाल को याद करते हुए बताया कि कैसे बस्तर संभाग मुख्यालय जगदलपुर में परचनपाल को शिक्षा परिसर के रूप में चुना गया और कोडगाँव जिले में पिपरा में यह विद्यालय 2014 में प्रारंभ किया गया। उन्होंने 100 सीटर आवासीय विद्यालय के सपने के पूरे होने पर भी खुशी व्यक्त की। कार्यक्रम की अध्यक्षता पिपरा के सरपंच गोपेंद्र मरकाम ने की। जिन्होंने परिसर में पानी और बिजली जैसी असुविधाओं की ओर विधायक का ध्यान आकर्षित किया. जनपद अध्यक्ष श्रीमती नंदनी पोटाई ने कहा कि महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से कम नहीं हैं। उन्होंने सभी बेटियों से खूब पढ़ाई कर अपने और अपने परिवार का नाम रोशन करने की अपील की।

**इनकी रही उपस्थिति:** इस अवसर पर जिला महामंत्री आकाश मेहता, संगठन पदाधिकारी विजय पोया, कन्या शिक्षा परिसर पिपरा के शाला विकास समिति अध्यक्ष संजय पोया, ईरागाँव के मंडल अध्यक्ष संतोष सिन्हा, पूर्व सरपंच बोधन नेताम, पतिराम मंडावी, बृज सलाम, मंशा पटेल, अमृत , कामेश्वर साहू, वरिष्ठ पत्रकार एवं समाज सेवी कृष्ण दत्त उपाध्याय, सहदेव कमेटी, नगर निरीक्षक फरसगाँव संजय शिंदे, प्रांतीय संचालक केदार जैन, अतिथि शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष ए. वैष्णव, प्रवक्ता सोयेब अली सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

स्वागत भाषण खशिअ सी. एल. मंडावीने दिया। संचालन लोकेश गायकवाड़ और आभार प्रदर्शन दिनेश साहू ने किया।

**छात्राओं को दी साइकिल और प्रतिभा का सम्मान:** कार्यक्रम में सरस्वती साइकिल योजना के तहत साइकिलों का वितरण किया गया। इसके अतिरिक्त, राज्य स्तरीय स्काउट सम्मान पिलेश्वर नाग, जतिन पटेल, नागेश्वर और ईश्वर लाल को प्रदान किया गया। शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए भी छात्रों को सम्मानित किया गया। पांचवीं कक्षा के गिरीदीप विद्यालय केशकाल के हिमाशु सिन्हा, मंगलम निराला, तनु श्री निराला, तनु श्री पटेल।

आठवीं बोर्ड पीएमश्री केशकाल की निकिता कुंभकार, कन्या शिक्षा परिसर की अंजली मरकाम, सुमन मरकाम।

हाईस्कूल बोर्ड परीक्षाः पीएमश्री केशकाल के आदि देव सोनवानी, प्रियंका तातेड़, इस्का जैन।

हायर सेकेंडरीः पीएमश्री केशकाल के जैन पारेख, मो. फैज मोमिन, शुभम गुप्ता इन सभी छात्रों को स्मृति चिन्ह भेंट किए गए। आयोजन समिति ने विधायक, जनपद अध्यक्ष, जिलाध्यक्ष, सरपंच और उपसरपंच को भी स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।



### विद्यार्थियों की रंगारंग प्रस्तुति ने मोहा

शाउमा विद्यालय पिपरा, माध्यमिक विद्यालय पिपरा और कन्या शिक्षा परिसर ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। यह पूरा कार्यक्रम सहायक खंड शिक्षा अधिकारी दीपेश सेठिया, बीआरसी जी. आर. साहू, बी.आर.पी. बलराम नाग और प्राचार्य दिनेश पांडे के मार्गदर्शन में अरुण पम्हार, संजय ठाकुर, सोनभद्र, समस्त सीएसी केशकाल आदि के विशेष योगदान से सफल रहा। कन्या शिक्षा परिसर के समस्त स्टाफ, जिनमें प्राचार्य अजय शर्मा, मनोज डडसेना, राकेश विश्वकर्मा, एन. पचबिये, संतोष वर्मा, सहदेव मरकाम, श्याम लाल कोर्राम, सुनीति सोनी आदि शामिल थे। सभी ने अपना भरपूर योगदान दिया।

# शादी का झांसा देकर नाबालिग से अनाचार, पुलिस ने आरोपी को रिपोर्ट होते ही दबोचा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव/ फरसगांव

जिले के बड़े डोंगर थाना क्षेत्र में एक नाबालिग लड़की के साथ अनाचार के मामले में पुलिस ने मात्र कुछ ही घंटों में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पीड़िता ने 23 जुलाई को थाना बड़े डोंगर पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि जनवरी 2025 से आरोपी अमल साय नेताम उम्र 22 वर्ष निवासी मोहपाल उसे शादी का झांसा देकर लगातार शारीरिक शोषण करता रहा। अब पीड़िता छह माह की गर्भवती है। पीड़िता के अनुसार जनवरी माह में एक विवाह कार्यक्रम के दौरान आरोपी ने उसे बहला–फुसलाकर अपने गांव मोहपाल ले जाकर जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाए। यह सिलसिला लंबे समय तक चलता रहा। मामला महिला संबंधी गंभीर अपराध होने के कारण पुलिस अधीक्षक वाय. अक्षय कुमार भा.पु.से., अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के.डी. पटेल रा.पु.से. और एसडीओपी फरसगांव अभिनव उपाध्याय के निर्देशन में विशेष टीम गठित की गई। पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी के गांव मोहपाल में दबिश दी और उसे हिरासत में लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपने अपराध को स्वीकार कर लिया।

- 6 माह की गर्भवती है पीड़िता
- थाना बड़े डोंगर पुलिस की त्वरित कार्रवाई

### गिरफ्तारी में इन पुलिस अधिकारियों का योगदान

पूरे मामले में थाना प्रभारी निरीक्षक भुनेश्वर नाग, सहायक उपनिरीक्षक शिवप्रसाद ठाकुर, प्रधान आरक्षक श्रवण कुमार मंडावी, राजेन्द्र कुजूर, आरक्षक कमलेश मरकाम, सुकमन नेताम, बुधमन नेताम, राजेन्द्र नेताम, फागेन्द्र मरकाम, हीरासिंग नेताम, यशवंत मरकाम और महिला आरक्षक शिवंती नेताम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# कांजी हाउस में सफाई शुरू, गौठान में चारा-पानी की कराई गई व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

नगर पंचायत फरसगांव के वार्ड क्रमांक 09 में स्थित कांजी हाउस देखरेख के अभाव में खंडर में तब्दील हो रहा है। कांजी हाउस के सामने की दीवार टूट गई है, दरवाजा गायब है। यही नहीं कांजी हाउस के अन्दर मिट्टी का ढेर पड़ा हुआ है। कांजी हाउस के अन्दर में बड़े बड़े पेड़ पौधे उग गए है। अब ऐसे में नगर पंचायत द्वारा नगर आवारा मवेशियों पकड़ लेगे तो उन्हें कहा रखेंगे। इस खबर को 23 जुलाई बुधवार को प्रमुखता से हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित किया गया । जिसके बाद नगर पंचायत सीएमओ मयंक बसन्तवानी ने संज्ञान लिया बुधवार को पासंगी में स्थित गौठान में चारा पानी की व्यवस्था की गई। वहीं नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक 09 में भी एक कांजी हाउस जो खंडर में तब्दील हो रहा था, उसकी सफाई कार्य शुरू किया गया है। आवारा मवेशियों को रखने में कोई परेशानी न हो।

खबर का असर



### जंगल में मिला महिला का कंकाल, हुई शिनाख्ति

**नगरी।** एक माह पहले गुमशुदा महिला का कंकाल बोराई थाना से मात्र 2 किलोमीटर की दूरी पर जंगल में मिलने से गांव में दहशत का माहौल है। कंकाल में लिपटे कपड़ों से परिजनों ने लापता महिला के कंकाल की शिनाख्त की। समाजसेवी सन्नी छाजेड़ ने बोराई पुलिस पर महिला को ढूंढने में लापरवाही का आरोप लगाया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बोराई निवासी लगभग 50 वर्षीय महिला बसंता नेताम पिछले एक माह से लापता थी। बताया जाता है कि महिला की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। गुमशुदा महिला की रिपोर्ट बोराई थाने में परिजनों द्वारा की गई थी। थाने से मात्र दो किलोमीटर की दूरी में जंगल में मानव कंकाल होने की जानकारी चरवाहों ने पुलिस को दी। पुलिस ने कंकाल को बरामद किया। काफी पुराना होने के कारण शव का पीएम नगरी में नहीं हुआ। पीएम के लिए रायपुर भेजा गया है।

# हत्याकांडः तीसरा आरोपी सेवन गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

अवैध प्रेम संबंध से जुड़े हत्या के एक जघन्य मामले में पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए फरार चल रहे तीसरे आरोपी सेवन गोंड को गिरफ्तार कर लिया है। इससे पहले मामले में मृतक की पत्नी रवीना नागरची उर्फ रविना नागेश और उसके प्रेमी बिदेश मरकाम को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। मामला 30 जून को सामने आया था जब ग्राम मगेदा के जंगल क्षेत्र में एक अज्ञात व्यक्ति का शव संदिग्ध अवस्था में बरामद हुआ था। थाना माकड़ी में मर्ग दर्ज कर जांच प्रारंभ की गई, जो बाद में हत्या का मामला निकला और धारा 103 भा.न्या.सं. के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। पुलिस अधीक्षक वाय. अक्षय कुमार के निर्देशन और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कौशलेन्द्र देव पटेल व एसडीओपी रूपेश कुमार के मार्गदर्शन में एक विशेष टीम का गठन किया गया। तकनीकी जांच के बाद मृतक की पहचान धरमसिंह नेताम निवासी उमरगांव थाना सिहावा के रूप में हुई। मोबाइल डेटा और पूछताछ के आधार पर उसकी पत्नी और प्रेमी को 12 जुलाई को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में सामने आया कि हत्या में एक तीसरा आरोपी सेवन गोंड भी शामिल था, जो घटना के बाद से फरार चल रहा था। 24 जुलाई को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने उसे ग्राम गम्हरी बाजार चौक के पास से गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी ने घटना में शामिल होना स्वीकार किया और हत्या में प्रयुक्त मोटर साइकिल सीजी 05 यू 9226 एचएफ डिलक्स और एक मोबाइल पुलिस को सौंपा। इस कार्रवाई में थाना माकड़ी और साइबर सेल की टीम का विशेष योगदान रहा। पुलिस ने आरोपी को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। मामले की आगे की जांच जारी है।



## पेज 11 का शेष

### विश्वप्रसिद्ध बस्तर दशहरा...

देते हुए महुए की शराब का तर्पण दिया और दशहरा की शुरूआत की। सर्वाधिक 75 दिवस तक चलने वाली बस्तर दशहरा पर्व पाटजात्रा पूजा विधान के साथ पूरी आस्था, श्रद्धा और पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। इसकी शुरूआत दंतेश्वरी मंदिर प्रागंण में टूरलू खोटला की पूजा अर्चना के साथ की गई। 24 जुलाई से प्रारम्भ बस्तर दशहरा के विभिन्न रस्मों की अदायगी निर्धारित तिथियों में की जाएगी तथा इसका समापन 7 अक्टूबर को मावली माता की विदाई के साथ होगा। हरियाली अमावस्या के अवसर पर बस्तर की आराध्य देवी मां दंतेश्वरी मंदिर के समक्ष पाट जात्रा पूजा विधान के साथ ही विश्व प्रसिद्ध ऐतिहासिक बस्तर दशहरा पर्व शुरू हो गया। बस्तर दशहरा पर्व के इस प्रथम पूजा विधान में बस्तर सांसद एवं बस्तर दशहरा समिति के अध्यक्ष महेश कश्यप, विधायक जगदलपुर किरण देव, महापौर संजय पाण्डे के अलावा अन्य जनप्रतिनिधियों और बस्तर दशहरा पर्व समिति के पारंपरिक सदस्य मांझी-चालकी, मेंबर-मेंबरीन, पुजारी-गायता, पटेल, नाईक-पाईक, सेवादार के अलावा कलेक्टर हरिस एस, अपर कलेक्टर सीपी बघेल एवं जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

**5 सितम्बर को दूसरी रस्म, डेरी गड़ाई के साथ ही अन्य रस्मों की होगी अदायगी:** गुरूवार को पहली रस्म पाटजात्रा के साथ ही 75 दिन तक चलने वाले विश्वप्रसिद्ध दशहरा पर्व के अनेक रस्मों की अदायगी की जाएगी। दशहरा के निर्धारित तिथियों में 5 सितम्बर को डेरी गड़ाई पूजा विधान, 21 सितम्बर को काछनगादी पूजा विधान, 22 सितम्बर को कलश स्थापना पूजा विधान, 23 सितम्बर को जोगी बिठाई पूजा विधान सहित 24 सितम्बर से 29 सितम्बर तक प्रतिदिन नवरात्रि पूजा एवं रथ परिक्रमा पूजा विधान के बाद 29 सितम्बर को सुबह 11 बजे बेल पूजा, 30 सितम्बर को महाअष्टमी पूजा विधान एवं निशा जात्रा पूजा विधान, 1 अक्टूबर को कुंवारी पूजा विधान, जोगी उठाई पूजा विधान एवं मावली परघाव, 2 अक्टूबर को भीतर रैनी पूजा विधान एवं रथ परिक्रमा पूजा विधान, 3 अक्टूबर को बाहर रैनी पूजा विधान एवं रथ परिक्रमा पूजा विधान, 4 अक्टूबर को सुबह काछन जात्रा पूजा विधान के पश्चात दोपहर में मुरिया दरबार का आयोजन होगा। वहीं रविवार 5 अक्टूबर को कुटुम्ब जात्रा पूजा विधान में ग्राम्य देवी-देवताओं की विदाई की जाएगी और मंगलवार 7 अक्टूबर को मावली माता की डोली की विदाई पूजा विधान के साथ ऐतिहासिक बस्तर दशहरा पर्व सम्पन्न होगी।

## आबकारी आरक्षक और जिला बल परीक्षा की करा रहे तैयारी

# पूर्व सैनिकों ने दी निःशुल्क कोचिंग, 100 अभ्यर्थियों ने दिया मॉडल टेस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागांव के संरक्षण में युवाओं के भविष्य को साकार करने की दिशा में एक सराहनीय पहल की जा रही है। परिषद के संरक्षक एवं बस्तर संभाग प्रभारी सुब्रत साहा के निर्देशन और जिलाध्यक्ष सूरज यादव के मार्गदर्शन में, पूर्व सैनिक राकेश धीवर के द्वारा जिले के युवक–युवतियों को आबकारी आरक्षक एवं जिला बल की लिखित परीक्षा की तैयारी के लिए निःशुल्क कोचिंग दी जा रही है।

आगामी 27 जुलाई 2025 को आयोजित होने वाली आबकारी आरक्षक की लिखित परीक्षा को ध्यान में रखते हुए 24 जुलाई को एक मॉडल टेस्ट का आयोजन किया गया। यह अभ्यास परीक्षा ओएमआर शीट के माध्यम से ली गई, जिसमें लगभग 100 अभ्यर्थियों ने भाग लिया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य युवाओं को परीक्षा पैटर्न से परिचित कराना और उन्हें वास्तविक परीक्षा के लिए मानसिक रूप से तैयार करना था। पूर्व सैनिकों द्वारा संचालित इस पहल में न केवल शारीरिक सैन्य प्रशिक्षण, बल्कि प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए निःशुल्क कोचिंग भी दी जा रही है। परिषद का उद्देश्य है कि कोंडागांव जिले से अधिक से अधिक युवक एवं युवतियों का चयन सुरक्षा बलों में हो।



### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर परिषद के संरक्षक सुब्रत साहा, जिलाध्यक्ष सूरज यादव, कोषाध्यक्ष सोमेश्वर भारती एवं कोचिंग संचालक पूर्व सैनिक राकेश धीवर उपस्थित रहे। सभी ने युवाओं को प्रोत्साहित किया। यह पहल न केवल युवाओं के लिए एक सुनहरा अवसर है, बल्कि समाज में पूर्व सैनिकों की भूमिका और योगदान को भी उजागर करती है।

## खबर संक्षेप

### सोहन बेसरा ने मुख्य रैफरी बनकर मैच खिलाया



**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ फुटबाल संघ द्वारा आयोजित लेवल 8 नए फुटबॉल रैफरी परीक्षा में उत्तीर्ण सोहन बेसरा को छत्तीसगढ़ फुटबाल संघ के रैफरी विभाग के कार्यकारिणी सदस्य एवं बस्तर संभाग के रैफरी प्रमुख रूपक मुखर्जी ने राज्य रैफरी बैज से सम्मानित किया। रैफरी बैज प्राप्त करने के बाद सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता में सोहन बेसरा मुख्य निर्णायक के रूप में मैच को पूरा किया।

### जैलवाड़ा स्कूल में हुआ जागरूकता कार्यक्रम

**बीजापुर।** माध्यमिक शाला जैलवाड़ा में पूर्व नियत शैक्षणिक गतिविधियों के अंतर्गत नशा उन्मूलन को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य नशामुक्त भारत अभियान तथा नशा पुनर्वास केंद्र बीजापुर के कार्यों से छात्रों को अवगत कराना और नशे के दुष्परिणामों पर जागरूक करना रहा। कार्यक्रम के दौरान प्रदर्शनी और संगीत प्रस्तुति के माध्यम से नशे से होने वाले शारीरिक, मानसिक और सामाजिक प्रभावों को छात्रों के समक्ष प्रभावशाली रूप से प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर समाज कल्याण विभाग बीजापुर के उपसंचालक कमलेश कुमार पटेल ने विभागीय योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने नशामुक्त समाज की दिशा में सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों को साझा किया। क्रेडा विभाग के उप अभियंता संदीप कुमार बंजारा ने सौर ऊर्जा की उपयोगिता और सतत विकास में उसकी भूमिका पर प्रकाश डाला। नशा पुनर्वास केंद्र के अर्जुन योगा आचार्य द्वारा नशे के दुष्प्रभावों पर जानकारी दी गई और जीवन में संयम व सकारात्मक सोच को अपनाने का संदेश दिया गया।

# स्काउट्स एवं गाइड्स की कार्यशाला में बताई गई महत्वपूर्ण जानकारियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष सांसद बृजमोहन अग्रवाल के आह्वान पर राज्य मुख्य आयुक्त डॉ. सोमनाथ यादव एवं राज्य सचिव कैलाश सोनी के निदेर्शानुसार ,महापौर एवं जिला मुख्य आयुक्त संजय पाण्डे, जिला शिक्षा अधिकारी व जिला आयुक्त स्काउट बी आर बघेल के मार्गदर्शन में वार्षिक बैठक सह कार्यशाला संपन्न हुई।

स्काउटर गाइडर को ऑनलाइन और ऑफ लाइन रजिस्ट्रेशन करने और समयावधी में सारे प्रपत्र शुल्क के साथ जमा करने जिला सचिव लिलेश देवांगन ने बताया। जिले की वार्षिक कार्ययोजना को विस्तार से मनोज महापात्र जिला मुख्यालय आयुक्त ने बताया। प्रवेश से लेकर विभिन्न गतिविधियों के बारे में जिला संगठन आयुक्त दसरु राम यादव ने बताया । स्काउट गाइड से जुड़कर विभिन्न एडवेंचर कैंप, हाईक, एवं जम्बूरी के बारे में डीटीसी जेपी पाठक ने बताया। राज्य पुरस्कार में लाग बुक कितने प्रकार का होता है और कैसे बनाते हैं इसका विस्तृत वर्णन मीरा हिरवानी ने बताया। स्वामी आत्मानंद शा कन्या क्रमांक 2 में हुए इस कार्यशाला में महापौर सहित नपानि अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन, एमआईसी सदस्य लक्ष्मण झा, निर्मल पाणिग्राही, पार्षद खगेंद्र ठाकुर, जिला आयुक्त गाइड सुधा परमार, गोपेन्द्र सार्दुल, अनूप कुर्रे, दीप्ती बारले, ख्याति देवांगन, किरण यादव, गिरवर रावटे, जुलेखा शाह, दमयंती देवांगन और सभी विकासखंडो के स्काउटर और गाइडर उपस्थित रहे।

**प्रवेश से लेकर विभिन्न गतिविधियों के बारे में बताया गया**



**स्काउटिंग में निहित बातों का अनुसरण करें**

दीक्षा संस्कार स्काउटिंग में क्या महत्व रखता है ये बातें यास्मीन नेताम जिला संयुक्त सचिव ने बताया। महापौर संजय पाण्डे ने सभी से आग्रह किया की स्काउटिंग में निहित बातों का अनुसरण करते हुए स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने कहा हम स्वच्छ रहेंगे तभी स्वस्थ रहेंगे और भविष्य में जगदलपुर में होने वाले राज्य जांच परीक्षा शिविर, स्काउटर गाइडर हेतु एडवांस शिविर एवं तृतीय सोपान हेतु स्थल चयन सम्बन्धी चर्चा कलेक्टर से कर उपयुक्त स्थान देने कहा गया।

## सनसिटी कॉलोनी और शहीद पार्क में जलभराव की समस्या से मिलेगी लोगों को निजात

# महापौर और आयुक्त ने मौके पर पहुंचकर लिया स्थल का जायजा





हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

लगातार बारिश के चलते शहीद पार्क एवं लालबाग स्थित सनसिटी कॉलोनी में उत्पन्न जलभराव की समस्या को देखते हुए महापौर संजय पाण्डे के नेतृत्व में आज नगर निगम की टीम ने निरीक्षण कर समस्या का समाधान किया।

हाल ही में हुई मूसलाधार वर्षा के बाद शहीद पार्क एवं लालबाग सनसिटी क्षेत्र में पानी जमा हो गया था, जिससे स्थानीय निवासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। नागरिकों की सूचना पर महापौर ने तत्काल कार्रवाई करते हुए निगम की तकनीकी टीम के साथ स्थल निरीक्षण किया और जलभराव की गंभीरता को देखते हुए पानी निकासी के लिए यहां कच्ची नाली खोदी गई। महापौर ने कहा कि नागरिकों की समस्या हमारी प्राथमिकता है और नगर निगम पूरी तत्परता से हर समस्या का त्वरित समाधान सुनिश्चित करेगा। नगर निगम आयुक्त प्रवीण कुमार वर्मा ने बताया कि निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई एवं नालियों की नियमित निगरानी हेतु विशेष टीम गठित की जा रही है, जिससे आगामी बारिश के दौरान नागरिकों को परेशानी न हो।

निरीक्षण के दौरान एमआईसी सदस्य निर्मल पाणिग्रही, लक्ष्मण झा, कार्यपालन अभियंता गोपाल भारद्वाज, इंजीनियर अमर सिंह एवं सब इंजीनियर अमन सहित अमला उपस्थित रहा।

# दिव्यांग व्यक्तियों को योजनाओं का लाभ लेने किया प्रेरित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- शासकीय योजनाओं का लाभ पर हुआ जागरूकता शिविर

उच्च न्यायालय किशोर न्याय समिति एवं पॉक्सो समिति द्वारा पारित प्रस्तावों के अनुपालन में प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष गोविन्द नारायण जांगड़े के निर्देशन में गुरूवार को शासकीय अस्थि बाधितार्थ बालगृह आड़ावाल में व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी, प्राधिकरण के सचिव कु. अंकिता कश्यप द्वारा एक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में प्राधिकरण द्वारा समाज कल्याण विभाग के सहयोग से संचालित शासकीय अस्थि बाधितार्थ बालगृह आड़ावाल में उपस्थित बालकों को शासन द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं जैसे निःशुल्क विधिक सहायता योजना, दिव्यांग पेंशन योजना, कृत्रिम अंग, सहायक उपकरण प्रदाय योजना, दिव्यांग जन छात्रवृत्ति योजना, दिव्यांग जन विवाह प्रोत्साहन योजना, दिव्यांगजनों के लिये स्वरोजगार हेतु ऋण योजना के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान करते हुए उन्हें योजनाओं का लाभ लेने हेतु प्रेरित भी किया गया। शिविर में श्रीमती सुचिता लकड़ा उप संचालक समाज कल्याण विभाग, शासकीय अस्थि बाधितार्थ बालगृह आड़ावाल के अधीक्षक एवं कर्मचारीगण सहित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारी एवं पैरालीगल वालिंटियर्स शामिल रहे।

## बस मुसाफिरों के साथ जानवरों जैसा दुर्व्यवहार, नहीं थम रहे हादसे : नवनीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- यात्रियों के साथ न्याय हो, विभाग और जिम्मेदार ध्यान दें

बस्तर अधिकार मुक्ति मोर्चा के प्रमुख संयोजक एवं जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ के संभाग अध्यक्ष नवनीत चांद ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि बसों में यात्रा के दौरान लगातार दुर्घटना एवं मुसाफिरों के साथ दुर्व्यवहार हो रहा है । प्रशासन और जिम्मेदार जन प्रतिनिधि चुप बैठे हैं । जगदलपुर से रायपुर , जगदलपुर से हैदराबाद एवं जगदलपुर से विशाखापट्टनम के साथ अन्य मुख्य मार्गों पर चलने वाली बसों में यात्रियों के साथ दुर्व्यवहार, दुर्घटना और लापरवाही बरते जाने की घटनाएं लगातार सामने आ रही है । यातायात विभाग, सड़क सुरक्षा समिति परिवहन विभाग हाथ पैर हाथ धरे बैठी है। नवनीत ने कहा कि सड़क सुरक्षा समिति हर 6 महीना में बैठक लेती है गाइडलाइन जारी भी होता है परंतु परिणाम सामने हैं।

उन्होंने कहा कि बस के सभी कर्मचारियों का नियमित जांच हो, ड्राइवर, कंडक्टर के स्वास्थ्य का परीक्षण हो , बसों में ना फर्स्ट एड बॉक्स सुनिश्चित किराया दर स्टेट परमिट और नेशनल परमिट की शर्तो का पालन होना चाहिए। नया बस स्टेण्ड होने के बाद भी पुराने बस स्टेण्ड मे गाड़ियो को बिना अनुमति खड़ा किया जाता है। बस वाले मनमानी पैसे वसूलते हैं और जानवरों की तरह यात्रियों को ठूस देते हैं बस्तर से अंतराज्य सीमा मे कोंटा से तेलगाना, धनपूंजी से उड़ीसा, बीजापुर से महाराष्ट्र की सीमा मे आरटीओ चेकिंग पुलिस चेकिंग के नाम पर सिर्फ खाना पूर्ति हो रही हैं । विगत दिनों जगदलपुर रायपुर रोड पर हुए हादसे का उदाहरण है। सैकड़ो लोग अब तक हाईवे में सड़क दुर्घटना में मारे जा चुके हैं। यह बेहद संवेदनशील मामला है इसलिए,अब मुक्ति मोर्चा-जनता कांग्रेस जे इसके खिलाफ खड़ी होगी। अगर जिम्मेदार प्रशासन आर टी ओ विभाग, पुलिस विभाग इन सब चीजों का हल नहीं करती है तो मुक्ति मोर्चा-जनता कांग्रेस जे के कार्यकर्ता सड़कों पर उतरकर बसों को रुकवा कर खुद ही खामियों का निरीक्षण करेगी।



## भूस्खलन के चलते अस्थायी रूप से बंद हुई यात्री ट्रेनें: सांसद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

सांसद महेश कश्यप ने जानकारी दी है कि क्षेत्र में हुए भारी भूस्खलन के कारण सुरक्षा की दृष्टि से यात्री ट्रेनों का परिचालन अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि लोगों की जान-माल की सुरक्षा सर्वोपरि है।

- डीआरएम से चर्चा हुई है, हालात सामान्य होते ही यात्री ट्रेन चालु हो जाएंगे

कोरापुट और जयपुर के बीच स्थित मल्लीगुड़ा और जर्दी घाटी क्षेत्र में भारी मात्रा में भूस्खलन हुआ है। रेलवे ने पहले चरण में 48 घंटे के भीतर ट्रैक को दुरुस्त कर दिया था लेकिन ट्रैक पर लगभग 25,000 घन मीटर मिट्टी जमा हो गई थी जिससे यात्रियों की सुरक्षा को खतरा हो सकता था। यही देखते हुए अस्थायी रूप से यात्री ट्रेनों का संचालन रोकने का निर्णय लिया गया।

उन्होंने बताया कि जब यह घटना घटी उस समय एक यात्री ट्रेन गुजर चुकी थी और दूसरी ट्रेन आने वाली थी जिसे समय रहते सुरक्षा कारणों से रोक लिया गया। फिलहाल मालगाड़ियों का संचालन जारी है क्योंकि उसमें यात्रियों की संख्या नहीं होने से जनहानि की संभावना कम होती है।

सांसद ने बताया कि डीआरएम से चर्चा हुई है उन्होनें भरोसा दिलाया है कि जैसे ही स्थिति सामान्य होगी जल्द ही सभी यात्री ट्रेनों का संचालन शुरू कर दिया जा ए गा । फि ल हा ल किरंदुल से जयपुर के बीच मालगाड़ी का परिचालन चालू है, और रेलवे तथा प्रशासन मरम्मत कार्यों को तेजी से पूरा करने में जुटे हुए हैं।



गौरतलब है कि 4 जुलाई से यात्री ट्रेनें समलेश्वरी एक्सप्रेस (जगदलपुर से हावड़ा),जगदलपुर-पैसेंजर ट्रेन,जगदलपुर से राउरकेला,हीराकुंड एक्सप्रेस,नाइट एक्सप्रेस बंद है ।

रेल प्रशासन द्वारा स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है और जैसे ही मौसम तथा ट्रैक की स्थिति अनुकूल होगी, यात्रियों की सुविधा हेतु परिचालन जल्द ही बहाल किया जाएगा।

## संगठन को सशक्त बनाने कार्य करें कार्यकर्ता : पाण्डेय



**जगदलपुर।** गुरुवार को भाजपा जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डेय ने तोकापाल मण्डल के पदाधिकारियों की बैठक ली। जिसमें चित्रकोट विधायक विनायक गोयल, मण्डल क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य एवं जनपद अध्यक्ष मौजूद रहे।
पाण्डेय ने कहा कि संगठन की आगामी कार्य योजना जमीनी स्तर पर सफल रुप से क्रियान्वित हो इसके लिये मण्डल स्तर के प्रत्येक पदाधिकारी व कार्यकर्ता कर्मठता से कार्य करें। केन्द्र व राज्य सरकार की जनकल्याण कारी योजनाओं का लाभ विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों के निवासियों तक पहुंचे, इस उद्देश्य को पूरा करने समवेत प्रयास हो। मन की बात कार्यक्रम, बूथ स्तर पर जन चौपाल लगाने व एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत अधिक से अधिक पेड़ लगाने और जनता से सीधे जुड़ने का आग्रह उन्होंने किया। विधायक ने कहा कि संगठन को मजबूत बनाने के साथ क्षेत्र की जनता को शासकीय योजनाओं का लाभ अधिकाधिक मिल सके, इसकी चिंता करते हुये हम सभी योजनाबद्ध रुप से कार्य करें। बैठक में जिला उपाध्यक्ष योगेन्द्र पाण्डेय, संतोष बघेल, तोकापाल मण्डल अध्यक्ष सोमारू राम कश्यप, जिला पंचायत सदस्य कामदेव बघेल, पद्मिनी कश्यप, जनपद अध्यक्ष रामवती भण्डारी, उपाध्यक्ष रितेश जोशी, लच्छे यादव सहित तोकापाल मण्डल के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




